Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 08-11-2022 | अंक 394

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

## रंगदारी के फरार आरोपी के घर पुलिस ने चिपकाया इस्तेहार



बरही थाना कांड संख्या 224/14 के प्राथमिकी अभियुक्त आनंद रविदास पिता विजय रविदास ग्राम बाराटांड़ को फरार घोषित करते हुए उसके घर में कोर्ट का इस्तेहार चिपकाया गया। विजय रविदास के घर इस्तेहार चिपकाने पहुंचे बरही पुलिस अधिकारी शिवनाथ प्रसाद एवं ओम प्रकाश कुमार ने बताया की आरोपी आनंद रविदास पर रंगदारी मांगने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज हैं। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद अब तक वह फरार हैं। कोर्ट से कई बार नोटिस किया गया। इसके बावजूद वह कोर्ट में हाजिर नही हुआ। जिसके बाद कोर्ट ने पुनः हाजिर होने की नोटिस जारी की है। इसी को लेकर इस्तिहार चिपकाया गया है।

## मारपीट को लेकर महिला ने बरही थाना में दिया आवेदन



बरही थाना अंतर्गत धनवार पंचायत के दुधपनिया निवासी सरिता देवी उम्र 27 वर्ष पति रंजीत ठाकुर ने मारपीट को लेकर बरही महिला थाना में आवेदन देते हुए कहा की 07 नवंबर को शाम करीब पांच बजे पेंड पर कपड़ा घाटने को लेकर मेरी सास कबूतरी देवी पति राजेंद्र ठाकुर, ससुर राजेंद्र ठाकुर पिता स्व तालो ठाकुर दोनो दुधपानिया निवासी मुझे गंदी गंदी गालियां और घर से भगाने की धमकी देने लगी। 8 नवंबर यानी मंगलवार सुबह मेरे पति घर के बगल में बैठकर दारू पी रहे थे। जब मैंने उनसे साथ में थाना चलने के लिए बोली तो मेरे पति और मेरे ससुर मेरे साथ मारपीट करने लगे और मुझे जमीन पर पटक दिया। वही मेरी भगनी शीतल कुमारी और भगिना गणेश ठाकुर आकर मुझे ईट फेंककर मुझे मारने लगे। उसके बाद मुझे घर से बाहर करने लगी। और पति ने दूसरी शादी करने की धमकी भी दी है। उन्होंने बरही महिला थाना में आवेदन देते हुए न्याय दिलाने की मांग की है। मारपीट में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई थी। जिसका उपचार बरही अनुमंडलीय अस्पताल में किया गया।

APEM LIVE

# अनियंत्रित ट्रक घर में घुसा, हादसे मे बाल बाल बचे घर के सदस्य







**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**

बरही धनबाद रोड में स्थित होटल क्वालिटी इन के नजदीक सड़क किनारे ट्रक अनियंत्रित होकर घर में घुस गई। जिससे घर के दो छोटे छोटे बच्चो को मामूली चोट आई है। लेकिन इस हादसे में घर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। जाको राखे साइयां मार सके ना कोय, ये दोहा बरही के धनबाद रोड में चरितार्थ हुआ है। जब दोपहर में ट्रक अनियंत्रित होकर घर में घुस गई। मकान मालिक महावीर ठाकुर ने बताया की जिस समय यह घटना घटी उस समय घर के सभी बच्चे अपना कमरा में पढ़ाई कर रहे थे। साथ ही उन्होंने कहा की घर टूट जाने से आर्थिक नुकसान भी हुआ है एवं घर में रखा सामान भी बर्बाद हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिस ट्रक से दुर्घटना हुई है वह ट्रक खाली था जो गोमिया से तिलैया जा रही थी। वहीं ट्रक चालक सरजू यादव उम्र 52 वर्ष पिता बबूनी यादव बगड़ा तिलैया, कोडरमा निवासी नशे में धुत था। बरही पुलिस को घटना की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचकर चालक को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया की ट्रक चालक नशे की धुत में था जिसके कारण वह अनियंत्रित होकर घर में जाकर घुस गया।

# बंगलौर कमाने गए घर का इकलौता चिराग ने तोड़ा दम, घर में छाया मातम

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**

चौपारण : क्षेत्र में बेरोज़गारी के कारण एक गरीब और घर के इकलौते चिराग का निधन लगभग दो हजार किमी दूर बेंगलूर महानगर में सोमवार रात हो गई। गरीब के शव के अंतिम दर्शन और संस्कार के लिए पैतृक गांव लाने के लिए कडी मशक्कत करनी पड़ी। दरअसल मृतक युवा को संबंधित कंपनी ने मदद नहीं किया और परिजनों की गरीबी बडी परेशानी का सबब था। परंतु प्रमुख प्रतिनिधि अजय राणा ने बेंगलूर में परि. जनों को मदद कर किसी तरह शव को हवाई मार्ग से रांची भेजने का मार्ग प्रशस्त कराया।

**क्या है मामला:,**

दरअसल चौपारण प्रखंड के चक्रसार निवासी रघु पासवान का इकलौता पुत्र 24 वर्षीय दिलीप



मृतक का फाइल फोटो

पासवान बेंगलूर में किसी प्लाई फैक्ट्री में काम करता था। बीते दिनों उसकी अचानक तबियत बिगड़ी और रविवार रात हालत चिंताजनक हो गई। उसके मित्र प्रमोद एंबुलेंस से उसे अस्पताल ला रहा था कि रास्ते में ही मौत हो गई। अस्पताल ने उसे एडमिट करने से इंकार कर दिया। एंबुलेंस चालक ने बीस हजार रुपए का बिल मृतक के दोस्त को थमा दिया। प्रदेश में मदद का कोई साधन नहीं मिल पा रहा था। किसी तरह परिजनों को मोबाइल से सुचना दी गई।





परिजन पारा शिक्षक प्रेम पासवान ने मामले को परिचितों से शेयर किया। इसके बाद बेंगलूर में प्रमुख प्रतिनिधि अजय राणा मदद को आगे आये। उनके प्रयास से वहां पुलिस तथा अन्य समस्याओं का समाधान हुआ। उन्होंने हवाई मार्ग से शव भेजने के लिए परिजनों को प्रेरित किया। शाम में शव को हवाई मार्ग से रांची के लिए भेजा गया। मृतक दिलीप पा. सवान के परिजनों को मदद के लिए कई लोग सामने आये। प्रमुख पूर्णिमा देवी के ज्येष्ठ परिजन अजय राणा सुबह से ही मदद में जुट गए। स्थल पर पहुंच कर सहायता पहुंचाई चुंकि शव के पास मात्र एक सहयोगी था। इधर अनुप कुमार ने श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता से बात की। श्रम अधीक्षक वह प्रवासी केंद्र से वार्ता की। सरकारी सहायता के लिए सक्रिय रहे। युवा नेता संजय मेहता भी लगातार सहयोग को सक्रिय रहे और वार्ता की। मृतक के परिजन पारा शिक्षक प्रेम पासवान को मदद के लिए पत्रकार चंदन, पूर्व जिप सदस्य रामस्वरूप पासवान, मुखिया जानकी यादव , आपदा मित्र टीम समेत अन्य मदद को लगे रहे। आपदा मित्र एंबुलेंस द्वारा शव को रात में ही पैतृक आवास पहुंचाने का प्रबंध किया गया। इधर युवा पुत्र के खोने के गम में परिजन लाचार महसूस कर रहे हैं। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था।

# कांग्रेस पार्टी की बेन्दगी पंचायत में बैठक सम्पन्न, रविन्द्र कुमार यादव बनें अध्यक्ष व मो एहसान सचिव

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**

कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के तहत मंगलवार को बरही प्रखण्ड के बेन्दगी पंचायत में कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी की अध्यक्षता में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के तहत कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम में सर्वसम्मति से रविन्द्र कुमार यादव को बेन्दगी पंचायत का अध्यक्ष व मो एहसान को सचिव बनाया गया। इस दौरान कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी नहीं, बल्कि एक सोच और विचारधारा है। कांग्रेस पार्टी की सोच और विचार धारा को आगे बढ़ाने के लिए हम सब को प्रतिबद्ध होना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश को आजादी दिलाने में कांग्रेस ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पार्टी के कार्यकर्ताओं को आजादी



की लड़ाई के दौरान जान गवानी पड़ी थी। गांधी जी, पं. नेहरू, सरदार पटेल जैसे दिग्गज ने. ताओं को जेल जाना पड़ा था। देश की आजादी से लेकर नव निर्माण तक कांग्रेस का योगदान सर्वाधिक रहा है। विकास का जो खाका आज दिखाई दे रहा है। वह कांग्रेसियों के बलबूते ही तैयार हुआ है। पार्टी इन्ही विच. ारों को लेकर आज बढ़ रही है। मौके पर मुखिया सिकंदर राणा, उपमुखिया अशोक राणा, राजेश यादव, मो अनीस अंसारी, परमेश्वर कुमार, दिलीप रजक, अजय कुमार, राजेश साव, अशोक साव, परमेश्वर यादव, जानकी महतो, राजू यादव, सुनील यादव, छत्रधारी यादव, राजेश यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

APEM LIVE

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## कोरोना पॉजिटिव होने के कारण मलेशिया में होगा दुलारचंद का अंतिम संस्कार

### मुआवजा के तौर पर पत्नी को मिला छह लाख का डीडी

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



मजदूर की पत्नी को मुआवजा का डीडी सौंपते कंपनी के अधिकारी

विष्णुगढ़ के बंदखारो निवासी प्रवासी मजदूर दुलारचंद महतो का शव भारत नहीं लाया जा सकेगा। उनका अंतिम संस्कार मलेशिया में हीं कर दिया जाएगा। मलेशिया से पैतृक गांव शव नहीं लाने की वजह शव का कोरोना पॉजिटिव होना बताया जाता है। इधर, मंगलवार को एलएंडटी कंपनी प्रबंधन के अधिकारियों ने मृतक मजदूर की पत्नी यशोदा देवी को मुआवजा के तौर पर छह लाख रुपए का डिमांड ड्रा०फ्ट सौंपा। कंपनी के अधिकारी ने बताया कि जांच में कोरोना पॉजिटिव आने के कारण गाइडलाइन के मुताबिक उनका शव भारत नहीं लाया जा सकता। काफी विचार विमर्श के बाद परिजन इसमें सहमत हो गए। डिमांड डॉफ्ट स्वीकार करने के बाद कंपनी के अधिकारियों ने मृतक की पत्नी से सहमति पत्र पर हस्ताक्षर कराया। बता दें कि दुलार. चंद महतो बीते एक अक्टूबर को काम करने के लिए मलेशिया गए थे। वे वहां एलएंडटी कंपनी में कार्यरत थे। काम के दौरान हीं उनका अचानक ब्रेन हेम्ब्रेज हो गया। अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। जांच में उनके शव में कोरोना पॉजिटिव के लक्षण पाए गए। मृतक की पत्नी को मुआवजा दिलाने में समाजसेवी सिकन्दर अली की सार्थक भूमिका रही। वे लगातार जनप्रतिनियों एवं अन्य माध्यमों से कंपनी पर दबाब बनाते रहे। उनका प्रयास रंग लाया और उनके आश्रित को मुआवजा मिल पाया। कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि दुलारचंद महतो का अंतिम संस्कार मलेशिया में ही किया जायेगा। आश्रित को मुआवजा राशि देने के मौके पर समाजसेवी सिकन्दर अली, पंस सदस्य कैलाश महतो, गाल्होबार पूर्व मुखिया रीतलाल महतो, नारायण महतो, सुरेश महतो समेत कई लोग मौजूद थे।

## चाणक्य आईएएस एकेडमी में हाउ टू क्रैक जेपीएससी पर निः शुल्क सेमिनार 13 नवंबर को

### सफलता के लिए बेहतर मार्गदर्शन अहम : रीमा मिश्रा

**अपेम लाइव : हजारीबाग**





हजारीबाग। किसी भी क्षेत्र में कामयाबी के लिए सही दिशा में नियमित परिश्रम जितना आवश्यक है, उतना ही आवश्यक अभ्यर्थियों के लिए बेहतर मार्गदर्शन प्राप्त करना है। चाणक्य आईएएस एकेडमी निश्चित समयांतराल में करियर गाइडेंस व सेमिनार के जरिए अभ्यर्थियों को उचित मार्गदर्शन प्रदान करती रहती है। इसी के मद्देनजर आगामी 13 नवंबर को हाउ टू क्रैक जेपीएससी विषय पर निरू शुल्क से. मिनार का आयोजन किया गया है, जिसकी शुरुआत संस्थान सभागार में ही संध्या 3 बजे से होगी। से. मिनार के मुख्य वक्ता चाणक्य आईएएस एकेडमी के वाइस प्रेसिडेंट और मोटिवेशनल स्पीकर विनय मिश्रा होंगे। साथ ही इस सेमिनार में 7वीं सिविल सेवा परीक्षा ट०पर्स भी मौके पर मौजूद रहेंगे, जो अपनी सफलता का अनुभव अभ्यर्थियों से साझा करने के साथ साथ कामयाबी के लिए जरूरी बातों से भी अवगत कराएंगे। उक्त जानकारी चाणक्य आईएएस एकेडमी की जनरल मैनेजर रीमा मिश्रा ने दी। उन्होंने कहा कि सेमिनार के दौरान जेपीएससी की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को किन–किन मुख्य बिंदुओं पर ध्यान रखते हुए तैयारी किए जाने की आवश्यकता है, उसे बारीकी से मुख्य वक्ता और मोटिवेशनल स्पीकर विनय मिश्रा के द्वारा बताया जाएगा। साथ ही लक्ष्य को हासिल करने को कई अहम बातें सेमिनार के दौरान बताई जाएगी। सेमिनार निरू शुल्क रखा गया है। अभ्यर्थियों के साथ साथ अभिभावक भी इस सेमिनार में शरीक हो सकते हैं। आगे उन्होंने बताया कि आगामी 13 नवंबर को भी हर सप्ताह ओएमआर शीट पर लिए जा रहे जेपीएससी मेगा टेस्ट भी अपने निर्धारित समय 9 बजे सुबह से शुरुआत होगी और ट०पर्स को सम्मानित किए जाने के साथ आकर्षक छात्रवृत्ति की घोषणा की घोषणा की जाएगी। श्रीमति मिश्रा ने कहा कि 13 नवंबर को ही चाणक्य आईएएस एकेडमी की ओर से प्रतिभा खोज प्रतियोगिता परीक्षा का भी आयोजन किया गया है, जिसमें 100 टॉपर्स को सम्मानित किए जाने के साथ साथ रैंक के अनुरूप 10 प्रतिशत से लेकर 100 प्रतिशत तक छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के पंजीकरण के बाद इस परीक्षा के लिए दो परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें एक केंद्र चाणक्य आईएएस एकेडमी में होगा तो दूसरा परीक्षा केंद्र ज्ञान ज्योति पारा मेडिकल नर्सिंग कॉलेज, हजारीबाग को बनाया गया है। एक घंटा चलने वाली परीक्षा 12 बजे से प्रारंभ होगी। परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र निर्धारित समय से आधे घंटे पहले पहुंचना अनिवार्य होगा।

## मुकेश साव का जलसंसाधन विभाग में चयन होने पर लोगो ने दी बधाई

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



मुकेश साव

झारखंड लोक सेवा आयोग ने संयुक्त सहायक अभियंता नियुक्ति परीक्षा का अंतिम परिणाम सोमवार को देर रात जारी कर दिया। इसमें चौपारण प्रखंड के ग्राम सिंघरावा निवासी मुकेश साव का चयन जल संसाधन विभाग में सहायक अभियंता पद पर हुआ है। वह सुकर साव के पुत्र व समाजसेवी ठिगलाल साव के भाई हैं। मुकेश ने अपनी शिक्षा की शुरुआत प्राथमिक विद्यालय सिंघरावां से की। सिंघरावा हाई स्कूल से मैट्रिक की परीक्षा पास की। उन्होंने आईआईटी मुंबई से एमटेक की पढ़ाई की है। उन्होंने देश के कई शिक्षा संस्थानों में शिक्षक के रूप में सेवा दी है और वर्तमान में संस्थान वेक्टर क्लासेस में मार्गदर्शक की भूमिका निभा रहे हैं। मुकेश ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार को देते कहा कि कड़ी मेहनत के साथ जीवन में संयम बरकरार रखते हुए अपने गोल को हमेशा याद रखें और समय का दुरुपयोग करने से बचें। इस सफलता पर बरही विधायक उमाशंकर अकेला यादव, डीएसपी अशोक प्रियदर्शी, वेक्टर क्लासेस निदेशक दीपक गुप्ता, उप प्रमुख प्रीति गुप्ता, समाजसेवी आदित्य साव, बद्री साव, उपप्रमुख प्रतिनिधि लालेश् साहू, सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र चंद्रवंशी, कांग्रेस नेता राजेंद्र राणा, ठिगलाल साव, पंसस विजय मधे. शिया, सुरेश साव, बीरबल साव, महेंद्र साव, राजेश गुप्ता, नरेश साव, विकास गुप्ता, विवेकानंद विवेक, बीरेंद्र राणा, बीरेंद्र चंद्रवंशी, देवेंद्र साव, हरियाली दूत दिनेश साव, पिंटू कुमार, राजदेव गुप्ता, बीरू यादव समेत कई गणमान्य लोगों ने बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## मृतक के परिजनों से मिलने पडरिया पहुंचे जिला जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, परिजनों को बंधाया ढांढस

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही पूर्वी जीप सदस्य सह जिला जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव मंगलवार को मृतक हीरालाल प्रसाद के परिजनों से मिलने पडरिया पहुंचे। जहां पहुंचकर उन्होंने मृतक के परिजनों का ढांढस बंधाया, साथ ही उन्होंने हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा की हीरालाल प्रसाद एक हंसमुख व्यक्ति थे जो सामाजिक कार्यो में बढ़ चढ़कर भाग लेते थे। मैं उनका निधन से काफी मर्माहत हूं। उनका निधन से पडरिया को अपूरणीय क्षति हुई जिसे कोई पूरा नहीं कर सकता। ज्ञात हो की धनबाद में हुई सड़क दुर्घटना के दौरान उनकी मौत हो गई थी। मौके पर राजेंद्र यादव, राजेंद्र प्रसाद एवं सोनू यादव सहित दर्जनों अन्य लोग मौजूद थे।

## कार्तिक पूर्णिमा पर सूर्य मंदिर एवम शिव मंदिर में विशेष पूजा–अर्चना का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



पूजा अर्चना करते श्रद्धालु

कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्तरवाहिनी बरही नदी में स्नान कर सूर्य मंदिर एवम शिव मंदिर में पूजा अर्चना की। प्रातः 3रू00 बजे से ही श्रद्धालुओं के द्वारा स्नान करने को लेकर उत्तरवाहिनी बरही नदी में बड़ी संख्या में भीड़ इकट्ठा थी। चंद्र ग्रहण के सूतक काल के चलते मंदिर का फाटक 8रू30 बजे के बाद बंद हो जाना था इस वजह से सभी श्रद्धालु जल्दी स्नान कर मंदिर में पूजा अर्चना किए। इस अवसर पर मंदिर प्रबंधन की ओर से सभी श्रद्धालुओं के लिए खीर की व्यवस्था प्रसाद के तौर पर की गई थी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मंदिर प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष गणेश सिंह, श्याम कुमार सिन्हा, शांति भूषण सिंह, , धर्मेन्द्र सिंह, मुकेश कुमार, मनोज जी, महेंद्र जी, राहुल जी, अखिलेश, संतोष, आयुष एवम मंदिर के पुजारी पप्पू जी और अजय जी का योगदान सराहनीय रहा। सभी श्रद्धालुओं ने इस अवसर पर इस अवसर पर यथाशक्ति दान पुण्य का भी कार्य किया जिससे की सूर्य मंदिर परिसर में राधा कृष्ण मंदिर, बजरंगबली मंदिर एवम शनि मंदिर का निर्माण जल्द हो सके।

APEM LIVE



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## भाजपा जिला अध्यक्ष,महामंत्री और मंत्री ने दिव्यांग बसन्त से किया मुलाकात

### गरीबो के लिए मसीहा का काम करती है भाजपा : जिला अध्यक्ष

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के नाम पर सरकार मचा रखी है लूट : डॉ मृत्युंजय

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



कान्हाचट्टी : भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा,भाजपा जिला महामंत्री डॉ मृत्युंजय सिंह एवं जिला मंत्री शिवबालक सिंह ने मंगलवार को कान्हाचट्टी बाजार पहुंचें ।सभी नेताओं ने बाजार निवासी शंकर ठाकुर के दिव्यांग पुत्र बसन्त ठाकुर से भेंट कर उसका हाल चाल जाना ।जब बसन्त के घर पर जिला अध्यक्ष एवं अन्य नेताओं ने पहुंचा तो बसन्त गांव के गरीब गुरुबों के बच्चो को पढा रहा था जिसे देख कर भाजपा नेताओं ने हतप्रभ रह गए ।चुकी बसन्त शारीरिक रूप से अक्षम है और वह चल फिर नहीं सकता है ।जिसे सांसद के पहल पर कुछ दिन पूर्व ही भाजपा के जिला के नेताओ कार्यकर्ताओ ने ट्राइसाइकिल तीन पहिया वाहन मिला था ।जिससे मंगलवार को मिलने भाजपा जिला अध्यक्ष सहित अन्य नेताओं ने पहुंच कर बंसत की हाल जाना। बसन्त के बारे में जिला अध्यक्ष ने कहा कि बसन्त तन से भले ही विकलांग है मन से वह अ सुदृढ है और वह इस ग्रामीण क्षेत्र में भी बच्चो को तालीम दे रहा है ।जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा ने कहा कि भाजपा हमेशा गरीबो की मशीहा का काम किया है ।गरीबो को विकट परिस्थिति में मदद करती है ।वहीं महामंत्री डॉ मृत्युंजय सिंह ने हेमंत सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि हेमंत सरकार अधिकारी पदाधिकारियो से मिलकर झारखण्ड को लूटने में लगी हुई है ।सरकार आपके द्वार कब नाम पर आम आवाम को मूर्ख बनाया जा रहा है ।आखिर सरकार आपके द्वार कार्यक्रम होता है तो केवल सरकार अपना नाम कर रही है जनता का कोई काम नहीं हो रहा है ।श्री सिंह ने कहा कि कार्यक्रम में टेंट,खाना और अन्य कार्य के नाम पर जनता कंगाल और सरकार और अफसर मालामाल हो थे हैं ।हेमंत सरकार के राज्य में केवल लूट मची हुई है ।जिले भर के सैकड़ो डीलर जुलाई माह में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना से मिलने वाली अनाज को बेच दिए ।मामला प्रकाश मव आने के बाद भी अफसर डीलरों से मिल कर मामले को रफादफा कर दिया और डीलरों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई इससे स्पष्ट है कि गरीबो को मिलने वाली अनाज से डीलर के साथ अफसर भी मालामाल हो रहे है ।मौके पर साचो सिंह भी मौजूद थे।

## शिक्षक संघ ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ बड़कागांव प्रखंड इकाई की ओर से विधायक अंबा प्रसाद को एक ज्ञापन सौंपा गया। विदित हो कि संघ के राज्य इकाई के द्वारा शिक्षकों के 4 सूत्री मांगों को लेकर चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करने का आह्वान किया गया है। उक्त आह्वान के प्रथम चरण में संपूर्ण राज्य सहित प्रखंड के सभी शिक्षकों ने पिछले 4 एवं 5 नवंबर को काला बिल्ला लगाकर अपने अपने विद्यालयों में कार्य किए। आंदोलन के दूसरे चरण में क्षेत्र के सांसद या विधायक के माध्यम से अपनी मांगों को प्रदेश के मुख्यमंत्री तक पहुंचाने के लिए संघ के द्वारा ज्ञापन सौंपने का कार्यक्रम है। जिसके तत्वाधान में क्षेत्र के विधायक अंबा प्रसाद को उनके आवास पर संघ के प्रखंड अध्यक्ष चेतलाल राम की अध्यक्षता एवं राज्य सलाहकार समिति के सदस्य धीरज कुमार की उपस्थिति में एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने के बाद विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि मैं आप शिक्षकों की मांगों को मुख्यमंत्री के संज्ञान में देकर सकारात्मक सहयोग करूंगी, ताकि आप सभी विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को बेहतर और गुणवत शिक्षा दे सके। अब आंदोलन के तीसरे चरण में 19 नवंबर को मुख्यमंत्री आवास का घेराव कार्यक्रम होना है जिसके तहत सभी शिक्षकों ने अपनी अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का संकल्प लिया है। उक्त तिथि को प्रखंड के सैकड़ों शिक्षक रांची जाने की तैयारी कर रहे हैं। विधायक को ज्ञापन सौंपने में मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष चेतलाल राम, सचिव अवधेश कुमार, संगठन सचिव रामसेवक रविदास, देवकांत शर्मा, अशोक कुमार, बुधन कुमार, नागेंद्र कुमार, शिव. राम शर्मा, तेजू साव, तीजन राम, अरुण रविदास, श्यामदेव दास, अशोक कुमार पासवान आदि दर्जनों शिक्षक शामिल हुए।

## डी.पी.एस.स्कूल तिलैया डैम ने मनाया गुरु नानक जयंती

**अपेम लाइव चंदवारा**
**श्रीकांत पांडेय**




कोडरमा चंदवारा प्रखंड अंतर्गत तिलैया डैम स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में बड़े हर्ष उल्लास के साथ गुरुनानक जयंती मनाया गया सिख धर्म के पहले गुरु गुरुनानक के इस जन्म दिवस के अवसर पर प्रार्थना सभा के दौरान केक काटकर मनाया गया प्रत्येक वर्ष कार्तिक पूर्णिमा के दिन सिख धर्म के पहले गुरु नानक की जयंती मनाई जाती है इस दिन सिख धर्म के लोग प्रकाश पर्व के रूप में भी मनाते हैं नानक देव जी ने समाज में अपने पारिवारिक जीवन और सुख का ध्यान ना करते हुए दूर-दूर तक यात्राएं की और लोगों के मन में बस चुकी कुरीतियों को दूर करने का प्रयास किया है इस बीच विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा क्विज तथा संगीत प्रस्तुत किया गया तथा विद्यालय की हिंदी शिक्षिका रेशमी कुमारी ने बताया कि गुरु नानक हमारे लिए प्रेरणादायक है उनके मार्ग पर चलने वाला मानव कभी भी स्वार्थी नहीं हो सकता एवं विद्यालय प्रिंसिपल दीपक कुमार ने कहा कि समाज में परिवर्तन लाने के लिए सिख गुरुओं से हमें समाज सुधारने की प्रेरणा मिलती है इस बीच विद्यालय के शिक्षक सहदेव यादव ,मनीष कुमार, अर्जुन कुमार, अश्विनी कुमार, मोहित कुमार, विवेक कुमार, अनिता, कुमारी रिंकी कुमारी, सुलोचना कुमारी ,मनोज कुमार, शंकर कुमार , साजिद लक्ष्मी कुमारी, बिनय कुमार व विद्यालय के सभी छात्र छात्राएं उपस्थित रहे

## देव दीपावली पर 1100 दीपों से जगमगाया नवनिर्मित शिव मंदिर

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**


जगमगाता शिव मंदिर

कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर विष्णुगढ़ के फॉरेस्ट क०लोनी स्थित नवनिर्मित शिव मंदिर 1100 दीपों की रौशनी से जगमगा उठा। शिव मंदिर निर्माण समिति के सहयोग से आयोजित दीपोत्सव कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु ने भाग लिए। इस दौरान मंदिर परिसर में आकर्षक तरीके से शुद्ध घी के जलते दीपों की श्रृंखला देखते बन रही थी। भक्तिमय गीतों से पूरा परिसर गूंजायमान रहा। दीपोत्सव के बाद श्रद्धालुओं के बीच खीर का प्रसाद वितरण तथा भव्य भंडारे का भी आयोजन किया गया। आयोजन में शिव मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष बाबूलाल शर्मा, उपाध्यक्ष अजय बरनवाल, कोषाध्यक्ष रंजीत बरनवाल, सदस्य अमरेश तिवारी, दीपक तिवारी, उदित बरनवाल,रोहित कुमार, ऋत्विक मिश्रा, राजू श्रीवास्तव, चाहत श्रीवास्तव, संदीप बरनवाल समेत कई लोगों का अहम सहयोग रहा।







डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## कोनार में विस्थापितों का बेमियादी धरना लगातार दूसरे दिन भी जारी,

### अधिकारियों एवं आंदोलनकारियों के बीच नहीं बनी सहमति, वार्ता विफल

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**


कोनार डैम में बेमियादी धरना में शामिल आंदोलनकारी विस्थापित

विष्णुगढ़ के कोनार डैम के फुटबॉल ग्राउंड में डीवीसी विस्थापित एवं स्थानीय समन्वय समिति का बेमियादी धरना प्रदर्शन मंगलवार को लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा। धरना कार्यक्रम के दूसरे दिन डीवीसी कोनार डैम के अधीक्षण अभियंता सह परियोजना प्रधान अजय प्रसाद, वरीय पदाधिकारी पवन कुमार तथा अधीक्षण अभियंता गोपाल महतो धरनास्थल पहुंचे और विस्थापित आंदोलनकारियों से वार्ता कर धरना समाप्त करने की अपील की। कहा कि आपकी मांगों को केन्द्रीय कार्यालय में भेजा जाएगा। जिस पर सहमति नहीं बन पाई। आंदोलनकारियों ने कहा कि डीवीसी के चेयरमैन से हजारीबाग व बोकारो के डीसी की मौजूदगी में जब तक सीधी वार्ता नहीं होगी, तब तक बेमियादी धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। केन्द्रीय कमेटी युवा अध्यक्ष जितेन्द्र यादव ने कहा कि मांगों को लेकर बुधवार तक सहमति नहीं बनती है तो गुरूवार से कोनार पावर ग्रिड का बिजली आपूर्ति ठप कर दिया जाएगा। वहीं, बोकारो जा रहे पानी को भी अवरूद्ध किया जाएगा। मौके पर सीओ सह प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी रामबालक कुमार भी आंदोलनकारियों से सहमति बनाने का प्रयास करते रहे पर आंदोलनकारी अपनी मांगों पर डटे रहे। रात में कड़ाके की ठंड में भी डीवीसी विस्थापित धरनास्थल पर डटे हुए हैं। केन्द्रीय अध्यक्ष दिनेश्वर मंडल ने कहा कि कोनार डैम से विस्थापन के सात दशक के बावजूद वादे के मुताबिक मुफ्त बिजली, पानी, सिंचाई की सुविधा, जमीन का मालिकाना हक तथा रोजगार में विस्थापितों को प्राथमिकता नहीं मिला है। हर आंदोलन में सिर्फ आश्वासन मिला। अब आश्वासन नहीं अधिकार चाहिए। डीवीसी की मन. मानी अब नहीं चलने देंगे। मौके पर केन्द्रीय अध्यक्ष दिनेश्वर मंडल, सुरेश राम, उमेश कुमार, चंद्रशेखर पटेल, राजू यादव, राजेन्द्र मंडल, शिवनाथ महतो, जीतन महतो, सोमर सिंह, छोटेलाल बेसरा, कृष्णा हांसदा, महमूद आलम समेत कई विस्थापित मौजूद थे।

## धूमधाम से मनी मगध के चक्रवर्ती सम्राट महाराज जरासंध की जयंती

### सांस्कृतिक कार्यक्रम के अलावा समाज की एकजुटता पर जोर

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**


मगध सम्राट जरासंध की जयंती पर मंचासीन समाज के गणमान्य लोग

भारत के प्रथम चक्रवर्ती सम्राट कहे जाने वाले मगध सम्राट महाराज जरासंध की 5225वीं जयंती मंगलवार को विष्णुगढ़ के बाल विकास विद्यालय परिसर में धूमधाम से मनाई गई। विष्णुगढ़ के चंद्रवंशी समाज के तत्वाधान में आयोजित जयंती समारोह की शुरूआत महाराज जरासंध जी के चित्र पर पुष्पांजलि तथा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। समारोह की अध्यक्षता समाजसेवी आनंद राम ने की। मंच संचालन शिक्षक राजेन्द्र प्रसाद सिंह ने किया। इस मौके पर समाज के कई वक्ताओं ने संबोधन किया। कहा कि आपसी एकजुटता से हीं समाज का विकास हो सकता है। समाज के आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों को यथोचित सहयोग तथा उनके बच्चों को प्रोत्साहित कर समाज को एक नई दशा व दिशा दी जा सकती है। शिक्षा समाज के विकास के लिए अति आवश्यक है। शिक्षित परिवार से पूरा समाज एवं गांव गौरवान्वित होता है। इसके अलावा व्यापत कुरीतियों एवं नशापान का त्याग कर एक नई मिसाल कायम की जा सकती है। समारोह के दौरान बच्चे-बच्चियों द्वारा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम के अलावा महाराज जरासंध की जीवनी एवं उनकी वीरता का बखान किया गया। समाज की विभूतियों से प्रेरणा लेने की बात कही गई। समारोह के अंत में सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रतिभागियों को पारितोषिक देकर उत्साहवर्धन किया गया। धन्यवाद ज्ञापन सदाशिव लाल वर्मा ने किया। आयोजन में संरक्षक नवलकिशोर वर्मा, अध्यक्ष आनंद राम, सचिव सौरभ कुमार, कोषाध्यक्ष उदित कुमार, कमला प्रसाद, महेन्द्र प्रसाद वर्मा, नरेश रवानी, सोहन राम, गौतम वर्मा, सुनील कुमार वर्मा, रविन्द्र कुमार वर्मा, अनुज कुमार, संदीप प्रसाद, बासुदेव प्रसाद, दीपक कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

## चौपारण के तीन युवकों ने जेपीएससी में पाई सफलता, बनेंगे सहायक अभियंता








**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**

झारखंड लोक सेवा आयोग ने संयुक्त सहायक अभियंता नियुक्ति परीक्षा का अंतिम परिणाम सोमवार देर रात जारी कर दिया। परिणाम आते ही चौपारण के लिए खुशी का सबब लेक्ट आया। जहां तीन किसान के पुत्रों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया और अंतरिम रूप से सहायक अभियंता पद पर सफलता हाशिल कर चौपारण का सम्मान बढ़ाया। पहला नाम है सेलहारा पंचायत के सिरमा निवासी सुबोध सिंह के पुत्र निरज सिंह का है। नीरज सिंह जल संसाधन विभाग में अपना योगदान देंगे। नीरज का प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर हज़ारीबाग़, उच्च शिक्षा संत कोलंबस महाविद्यालय हजारीबाग से करने कर बाद भुनेश्वर, उड़ीसा से मेकेनिकल में बीटेक व एमटेक किया। इस सूची में दूसरा नाम पडरिया पंचायत के बनाऊ निवासी रामकुमार सिंह के पुत्र अभय सिंह का नाम आता है। अभय जल संसाधन विभाग में सहायक अभियता के पद पर अपना योगदान देंगे। अभय ने अपना प्रारंभिक व उच्च शिक्षक सुरेखा स्कूल बहेरा से करने के बाद उत्तराखंड से बीटेक व बीआईटी सिंदरी धनबाद से एमटेक किया है। अभय के सफलता मिलते ही स्थानीय मुखिया पप्पू रजक के अग. ुवाई में ग्रामीणों ने श०ल ओढ़ाकर समान्नित किया। तीसरा नाम सिंघरावां निवासी सुकर साव के पुत्र मुकेश साव का है। मुकेश भी जल संसाधन विभाग में सहायक अभियंता के पद पर चयन हुवा है। मुकेश का प्रारंभिक शिक्षा सुंदर लाल जैन उच्च विद्यालय सिंघरावां से करने के बाद आईआईटी मुंबई से मास्टर टेक्नोल०जी किया। वर्तमान में मुकेश वेक्टर क्लासेस बरही में मार्गदर्शक के रूप में कार्यरत है। मुकेश अपने सफलता का श्रेय अपने माता पिता को दिया।

## स्वाध्याय के बल पर विष्णुगढ़ की बेटी ने यूजीसी नेट में पाई सफलता

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**


नेट क्वालिफाई नीतू कुमारी

विष्णुगढ़ प्रखंड में प्रतिभावानों की कमी नहीं है। सही वक्त पर सही दिशा दिए जाने पर एक साधारण परिवार का बच्चे भी उंचे मुकाम हासिल कर सकते हैं। ऐसे हीं प्रतिभा को सही साबित कर दिखाया है विष्णुगढ़ के चेडरा पंचायत के ढ़ंगरटोली की रहने वाली नीतू कुमारी ने। वह जंबुआ में सहायक शिक्षक (पारा) डोमन सिंह व सुनीता देवी की पुत्री है। उसने यूजीसी नेट की परीक्षा क्वालिफाई कर ली है। उन्होंने अपनी सफलता के लिए कभी गरीबी या संसाधनों का अभाव नहीं महसूस किया। बिना किसी कोचिंग, ट्यूशन या मार्गदर्शन के स्वाध्याय के बल पर उन्होंने यूजीसी नेट जैसी कठिन परीक्षा पास कर पूरे प्रखंड का नाम रौशन किया है। अब वह असिस्टेंट प्रोफेसर बनने की योग्य है। उसे कुल 118 अंक मिले हैं। उसने बातचीत में बताया कि राजकीय मध्य विद्यालय से पांचवी तक पढ़ने के बाद कस्तूरबा गांधी बिलका विद्यालय में मैट्रिक तक पढ़ाई की। इसके बाद विष्णुगढ़ इंटर क०लेज से आईएससी एवं स्नातक अर्थशास्त्र विषय से किया। यूजीसी नेट क्वालिफाई करने में उन्होंने किसी का मार्गदर्शन नहीं लिया। स्वयं की तैयारी से परीक्षा में सफलता हासिल की। कहा कि बीते वर्ष भी प्रयास किया गया था पर असफल रही। दूसरे प्रयास में सफलता प्राप्त हुई है। नीतू वर्तमान में बीएड की पढ़ाई भी कर रही है। छह भाई बहनों में वह चौथे नंबर पर है। इस सफलता का श्रेय वह अपने माता-पिता तथा दोस्तों को देते हुए कहती है कि आगे जेआरएफ क्वालिफाई करना ध्येय है। अभी वह घर पर छोटे बच्चों को भी पढ़ाने का काम करती है।




